# विधानसभा चुनाव निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से कराए जाने को नोडल अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के क्रम में गढ़वाल मण्डल के जिलों के व्यय अनुवीक्षण सैल व मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी के नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सचिवालय स्थित वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में गढ़वाल मण्डल के जनपदों के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों, नोडल अधिकारियों एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने कहा कि निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र निर्वाचन कराये जाने

**सभी अधिकारी दिये जाने वाले प्रशिक्षण को भली–भॉति ग्रहण करना सुनिश्चित करें**

हेतु सभी अधिकारी दिये जाने वाले प्रशिक्षण को भली–भॉति ग्रहण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की शंका होने पर सम्बन्धित मास्टर ट्रेनरों से सम्पर्क कर शंका का समाधान किया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समय–समय पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाईन का अध्ययन करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में अपना शत–प्रतिशत योगदान सुनिश्चित किया जाय।

राज्य नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण मनमोहन मैनाली, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मीडिया सार्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी रवि बिजारनिया ने उपस्थित अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान व्यय अनुवीक्षण व लेखा से सम्बन्धित कार्यों का प्रशिक्षण दिया। व्यय अनुवीक्षण टीम द्वारा स्थैतिक सर्विलांस टीम, उड़नदस्ता टीम, वीडियों सर्विलांस टीम, लेखा टीम व मदिरा निगरानी टीम के द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जिला स्तर पर आयोग के भेजे जाने वाले विभिन्न प्रारूपों की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर मीडिया सार्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी श्री बिजारनिया ने निर्वाचन के दौरान मुख्य रूप से राजनैतिक विज्ञापनों के सार्टिफिकेशन व पेड न्यूज के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।


## अल्पकालीन निविदा सूचना

जिला पंचायत पौढ़ी के वर्ष 2020–21 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, पौढ़ी गढ़वाल के ग्रामीण क्षेत्रों के अन्तर्गत 15वॉं वित्त के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित सोलर लाइट स्थापना कार्यो के सम्पादन हेतु दिनांक 13–12–2001 को 2.00 बजे तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर टेण्डर प्राप्त किये जा सकते है। जो कि दिनांक 14–12–2021 को 3.00 बजे सांय सीलबन्द निविदायें कार्यालय में जमा की जायेगी। जो कि उसी दिन 4.00 बजे सांय निविदादाताओं के सम्मुख खोले जायेंगे। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत पौढ़ी के नाम से बन्धक) एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में एवं 100.00 रू0 नौज्यूडिसियल स्टाम्प निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगी, ठेकेदारों का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है। तथा अन्य शर्ते कार्यालय दिवस में किसी भी दिन को देखा जा सकता है।

| क्र. सं | योजना का नाम | वि0ख0 | धनराशि | धरोहर धनराशि | टेण्डर फार्म का मूल्य+जी0ए स0टी0 | दिन कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत सिराला में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 2 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत पयालगांव में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 3 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत मरोड़ा में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 4 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत घुड़ैत में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 5 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत में पावों में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 6 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत में चपरोली में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 7 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत में सबदरखाल में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 8 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत पाली में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 9 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत डोरा में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 10 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत रानाकोट में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 11 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत घयाणी में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 12 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत गडेरा में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 13 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत ढुगली में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 14 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत सोहन गडेरा में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 15 | विकासखण्ड कोट के कण्डोला में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 16 | विकासखण्ड बीरोखाल के अन्तर्गत जिला पंचायत क्षेत्र बमराडी के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 10.00 | 20000 | 2000 | 45 |
| 17 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा दरिया बजारो के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 18 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा सुकई के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 19 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा जिबई के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 20 | विकासखण्ड बीरोखाल केग्रामसभा खैतोली के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 21 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा मलेथाके अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 22 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा पसोलके अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 23 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा कनेरा के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.20 | 5000 | 500 | 30 |
| 24 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा सिलोली के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 25 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा मटेलाके अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 26 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा मासो के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 27 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा डुमलोट के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 28 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा रणघेरा के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 29 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा भाकण्ड के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 30 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा चोपता के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 31 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा कमलिया के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 3.00 | 6000 | 600 | 30 |
| 32 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा बुडाकोट के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 33 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा लाछी के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 34 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा सेरा के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 35 | विकासखण्ड बीरोखाल के ग्रामसभा ककरोडा के अन्तर्गत पथ प्रकाश | बीरोखाल | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 36 | विकासखण्ड थलीसैण के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | थलीसैण | 10.00 | 20000 | 2000 | 45 |

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत पौढ़ी गढ़वाल।


# नमामि गंगे के तहत शिक्षण संस्थानों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**आयोजन**

**आईईसी गतिविधियों हेतु विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को अग्रिम धनराशि जारी**

**संवाददाता**
देहरादून। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत राज्य में संचालित नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यलायों में विभिन्न आईईसी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत उत्तराखंड में गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के निकट अवस्थित सूचीबद्ध विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के सहयोग से छात्र–छात्राओं की टीमों का गठन कर स्वच्छता अभियान, क्वीज एवं चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता रैली एवं गंगा रन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत कार्ययोजना के प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। जिसके अनुरूप प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों को अग्रिम धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस संबंध में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि राज्य में सूचीबद्ध दो विश्वविद्यालयों एवं 33 राजकीय महाविद्यालयों में नमामि गंगे परियोजना के तहत विभिन्न आईईसी गतिविधियों का संचालन किया जाना है। जिसके तहत गंगा एवं उसकी सहायक नदियां के किनारे अवस्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र–छात्राओं की प्रशिक्षित टीमों का गठन कर विभिन्न आईईसी गतिविधियां आयोजित की जानी है। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, क्वीज एवं चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता रैली एवं गंगा रन आदि का आयोजन किया जायेगा।

प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ही महाविद्यालयों को अग्रिम धनराशि आवंटित कर दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों से परियोजना के तहत संचालित आईईसी गतिविधियों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये हैं।



## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दून पहुंचे

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आईएमए की पासिंग आउट परेड में भाग लेने के लिए शुक्रवार शाम को देहरादून पहुंच गए। वह शाम करीब चार बजे वायुसेना के विशेष विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां राज्यपाल गुरमीत सिंह, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा, आईजी वी मुरुगेशन आदि ने उनकी अगुवानी की। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से राष्ट्रपति चौपर से देहरादून के लिए रवाना हुए।

# विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ करें संपादित: जिलाधिकारी

**संवाददाता** बागेश्वर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम विनीत कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपादित करना है। निर्वाचन प्रक्रिया की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए तैनात नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों को उन्होंने दिशा–निर्देश दिए।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को भलिभांति समझ लें। स्वच्छ और प्रसन्न मन से उसे ग्रहण करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी तरह की समस्या नहीं आएगी। अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। किसी भी प्रकार की ढीलाई, लापरवाही नहीं बरती जाएगी। चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता एक माह के भीतर कभी भी लग सकती है। आवश्यक तैयारियां भी कर लें। निर्वाचन आयोग से जारी दिशा–निर्देशों का भी अध्ययन करें। प्रत्येक बूथ पर दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था होनी है। विद्युत, पेयजल, शौचालय भी जरूरी हैं। नोडल अधिकारी रुट चार्ट, कंयूनिकेशन प्लान भी तैयार करें। वाहनों का अधिग्रहण समय से किया जाएगा।टीमों का भी जिलास्तर पर गठन कर लिया जाए।

बैठक में उप निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम चंद्र सिंह इमलाल, जिला विकास अधिकारी केएन तिवारी, पीडी शिल्पी पंत, एसडीएम हरगिरी, वरिष्ठ कोषाधिकारी पूरन चंद्र उप्रेती, मुख्य शिक्षा अधिकारी पदमेंद्र सकलानी, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी देवेंद्र नाथ गोस्वामी आदि मौजूद थे।